हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, सोमवार, 20 मई 2024

11 बाबा ब्रह्मचारी प्राथमिक पाठशाला के छात्रों ने...



12 लू के थपेड़ों से बढ़ी लाचारी, बढ़ते पारे से झुलसने ...




# R.E.D.
## GROUP OF SCHOOLS
CHHUCHHAKWAS | JHAJJAR | CHARKHI DADRI
(AFFILIATED WITH CBSE, NEW DELHI)

# Congratulations
## Outstanding Results 2023-24

Jhajjar Distt. Topper, Class XII, Science Stream, Payal - 98.4%
Jhajjar Distt. Topper, Class XII, Commerce Stream, Vahini - 97.6%
Jhajjar Distt. 2nd Topper, Class X, Aadhar - 98.2%
Charkhi Dadri Distt. 2nd Topper, Class X, Mansi - 98.0%

## Achievers of 12th Board Result (2023-24)

100% Result

06 Students 95% & Above | 41 Students 90% & Above | 82 Students 85% & Above | 123 Students 80% & Above | 275 Total Merits

**Science**
PAYAL 98.4%, ANSHIKA 95.6%, NEHA 94.4%, AASHMA 94.2%, MUSKAN 94.2%, UJJWAL 94.2%, NISHANT 94.0%, RASHMI 93.8%, TANVI 93.8%
SAHIL 93.4%, AKSHITA 93.0%, ANSHU 93.0%, RAJITA 92.8%, GITANJALI 92.6%, VINAY 92.6%, SANIA 92.2%, MONIKA 92.0%, ANJALI 91.4%, VINIT 91.2%
HIMANSHI 90.8%, AKANSHA 90.4%, KHUSHI 90.4%, SIMRAN 90.4%, MAYUR 90.2%, RIYA 90.0%, POOJA 90.0%, SUNNY 89.6%, SIMRAN 89.6%

**Commerce**
VAHINI 97.6%, SAUMYA 96.0%, TUSHAR 95.8%, PALAK 92.8%

**Arts**
HIMANI 94.8%, HARSHITA 94.4%, PRACHI 94.4%, NANCY 92.0%, MANISHA 91.8%, NIKITA 90.6%, ANURADHA 89.6%, DEEKSHA 89.6%, RITIK 89.6%

### CLASS XII - SUBJECTWISE HIGHEST MARKS

| SUBJECT | HIGHEST MARKS | SUBJECT | HIGHEST MARKS | SUBJECT | HIGHEST MARKS | SUBJECT | HIGHEST MARKS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Chemistry | 100 | Maths | 96 | English | 100 | Geo. | 99 |
| Biology | 100 | Economics | 98 | Pol. Sc. | 100 | Phy. Edu. | 99 |
| Physics | 98 | Accounts | 97 | Business Stu. | 99 | Computer Sc. | 98 |

## Achievers of 10th Board Result (2023-24)

100% Result

52 Students 95% & Above | 128 Students 90% & Above | 193 Students 85% & Above | 260 Students 80% & Above | 394 Total Merits

AADHAR 98.2%, NISHU 98.0%, MANSI 98.0%, ANURAG 97.8%, HARDIK 97.6%, JASMINE 97.6%, YASH 97.6%, AADIL 97.2%, PRIYANSHI 97.2%, KHUSHI 97.0%
SUBHAM 97.0%, NAMAN 97.0%, AMIT 97.0%, YASHIKA 97.0%, PRIYANSHI 96.8%, ANJALI 96.6%, RIYA 96.6%, YASHVARDHAN 96.6%, HIMANSHI 96.6%, LAVYA 96.6%
EKTA 96.4%, ANIKA 96.4%, YOGITA 96.4%, PRIYANSHI 96.4%, AADI 96.2%, BHAVI 96.2%, ARSHIYA 96.2%, DISHA 96.2%, PARAG 96.2%, YUVRAJ 96.0%, NIKHIL 96.0%, KHUSHMAY 95.8%, RAJAT 95.8%, VISHESH 95.8%, HARSHIT 95.8%, SHRISANT 95.6%
NIKITA 95.4%, VANSHIKA 95.4%, DHANANJAY 95.4%, AADITYA 95.4%, RAJAT 95.4%, RHYDAM 95.4%, ROHIT 95.2%, ANSHUL 95.2%, NAVYA 95.2%, MOHIT 95.0%, AADITYA 94.6%, GOURAV 94.6%, ROHIT 94.6%, YASH 94.6%, PALLAVI 94.6%, PRIYA 94.6%

### CLASS X - SUBJECTWISE HIGHEST MARKS

| Maths - 100 | S.St.- 100 | IT- 100 | Science - 99 | English - 98 | Hindi - 98 |
|---|---|---|---|---|---|

For Online Registration visit : www.redschools.org Contact us : 9992114101 (Chhuchhakwas), 9992600417 (Jhajjar), 9992113926 (Dadri)

REGISTRATION OPEN (For Classes : Nur. to 9th & 11th)

SPECIAL CLASSES FOR : IIT-JEE • NEET • NDA • NTSE • VVM

Hostel Facilities For Boys And Girls At Chhuchhakwas Branch

## खबर संक्षेप



### साप्ताहिक अभियान में संवारी एक और दीवार

**हिसार।** हमारा प्यार हिसार की टीम ने रविवार को अपने साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत डीएन कॉलेज रोड पर नारायणी सेवा सदन के साथ लगती दीवार पर सफेद पेंट किया। इस दीवार पर सफेद बेस सूखने पर अगले हफ़्ते यहां पेंटिंग्स बनाई जाएगी। कुछ समय पहले ही नारायणी सेवा सदन में हमारा प्यार हिसार की लाइब्रेरी शिफ्ट हुई है। लाइब्रेरी आते हुए ग्रुप के सदस्यों की नजर इस बदरंग दीवार पर पड़ी और उन्होंने इस दीवार को संवारने की ठान ली। अभियान में डॉ. सुरेन्द्र गर्ग, प्रो. हरीश भाटिया, अदेश मलिक, कमल भाटिया, कविता टंडन, दिनेश बंसल, डॉ. विजय कादियान आदि शामिल रहे।

### भाविप विवेकानंद शाखा की अनूठी पहल

**हिसार।** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा वैसे तो समय-समय पर सेवा के कार्य करती रहती है, लेकिन मोक्ष धाम ऋषि नगर के सहयोग से जो जलसेवा भारत विकास परिषद ने यहां शुरू की है वह मील का पत्थर साबित होगी। यह बात परिषद के शाखा अध्यक्ष ऋषिराज बुड़ाकिया ने श्मशान भूमि सुधार समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि चाहे सिविल अस्पताल में चलने वाली तिरुपति बालाजी रसोई को या ऋषि नगर में चलने वाला दिव्यांग भवन, विवेकानंद शाखा का लक्ष्य रहता है की हर जरूरतमंद की सेवा हो सके।

### पुलिस ने सुलझाई ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी

**हिसार।** सीआईए टीएम ने जिंदल कंपनी के कर्मचारी अनिल के ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने हत्या के इस मामले में मृतक अनिल की पत्नी सरला बाई सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें टोहाना के कुलां निवासी ध्यानु, कौशल उर्फ वीशू, सोनू और गुल्लरवाला निवासी राजेन्द्र उर्फ़ जिन्द्र शामिल है। सीआईए प्रभारी निरीक्षक प्रशांत ने बताया कि एक मई को थाना सदर में जिंदल फैक्ट्री के कर्मचारी अनिल का शव हिसार कैंट के नजदीक पड़ी होने के बारे में सूचना मिली थी।

### मात्रश्याम में चाकुओं से गोदकर पत्नी की हत्या

**हिसार।** सदर क्षेत्र के गांव मात्रश्याम में चाकुओं से गोदकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि मृतका लगभग छह माह से अपने पहले पति से दूर गांव के एक अन्य पुरूष के साथ रह रही थी।

सूचना के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुलिस ने मृतका सरिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। हत्यारोपी की गिरफ्तारी कि लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस को शक है कि दूसरे पति के साथ संबंध के चलते ही पहले पति धर्मबीर उर्फ गोलू ने अपनी 22 वर्षीय पत्नी सरिता की हत्या की है।

## लोकसभा चुनाव के छठे चरण की तैयारी

# पुलिस व अर्ध सैनिक बल के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

लोस चुनाव में मतदान को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष करवाने को पुलिस पूरी तरह अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** शहर में एसपी पूजा वशिष्ठ के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकालते पुलिस व अर्ध सैनिक बल के जवान।

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत आगामी 25 मई को दादरी सहित प्रदेश में होने वाले मतदान को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से संपन्न करवाने को लेकर दादरी जिला पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड़ पर है।

अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस व अर्ध सैनिक बलों ने लगातार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। इसी कड़ी में एसपी पूजा वशिष्ठ के नेतृत्व में रविवार को पुलिस व अर्ध सैनिक बलों ने दादरी शहर के विभिन्न मुख्यमार्गों पर फ्लैग मार्च निकालकर आमजन से शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। एसपी पूजा वशिष्ठ ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दादरी जिले में पिछले तीन दिनों से सुबह और शाम के समय पुलिस व आईटीबीपी के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला।

उन्होंने कहा कि मतदाता पूरी निडरता के साथ अपने विवेक व स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। दादरी जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। पुलिस के खुफिया विभाग द्वारा संदिग्ध लोगों व इंटरनेट मीडिया पर पूरी निगरानी रखी जा रही है।

### थाना प्रभारी रखें नजर

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने कहा कि फ्लैग मार्च के साथ-साथ सभी थाना प्रबंधक व चौकी प्रभारी भी अपने-अपने क्षेत्र के गांवों में जाकर सरपंचों व मौजिज लोगों से मुलाकात कर रहे हैं। जिसमें उन्हें निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से चुनाव प्रक्रिया पूरी करवाने की अपील की जा रही है। एसपी ने कहा कि पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर नाके लगाए हैं। इन नाकों से गुजरने वाले वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है।



**दादरी।** शराब छोड़ने की दवाई वितरित करते आचार्य देवी सिंह। फोटो : हरिभूमि

# पंद्रह व्यक्तियों ने शराब छोड़ने का लिया संकल्प

- स्वामी योगानंद के सानिध्य में तैयार की गई है दवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

श्रीबालानाथ योगाश्रम आदमपुर बलाली में पांच दिवसीय नशा मुक्ति शिविर का शुभारम्भ किया गया। शिविर में प्रथम दिन 15 व्यक्तियों ने दवाई ग्रहण की तथा शराब की लत को सदा के लिए छोड़ने का संकल्प लिया।

आचार्य देवीसिंह ने बताया कि स्वामी योगानंद के सानिध्य में जो दवाई तैयार की गई है, इसके सेवन से शराबी को शराब से नफरत हो जाती है। दवाई लेने के बाद शराबी लत को छोड़ देता है। आश्रम सदस्य वजीर ने बताया कि जो भी व्यक्ति इस लत से छुटकारा पाना चाहता है व 22 मई तक आश्रम से दवाई मुफ्त प्राप्त कर सकता है। सुरेश पहलवान ने बताया कि 21 मई मंगलवार को आश्रम प्रागंण में रात्रि विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण में रामधन गोस्वामी, राजेश थुराणा, सोनू गौतम आदि मुख्य गायक भजनों से रात्रि को भक्तिमय बनाएंगे तथा बाबा का गुणगान कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

मास्टर नरेश ने बताया कि 22 मई को प्रातः गायत्री महायज्ञ का आयोजन होगा। जिसमें आस-पड़ोस के सैकड़ों श्रद्धालु आहुतियां अर्पित कर विश्वकल्याण की कामना करेंगे।

# हनुमान जोहड़ी मंदिर में योग कक्षाएं

- स्वस्थ तन, संतुष्ट मन एवं दु:ख रहित जीवन हमारा मूल आधार : चरणदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

ध्यान अग्नि की तरह है, जिसमें बुराईयां जलकर भस्म हो जाती है। यही नहीं ध्यान, धर्म और योग की आत्मा है। स्वयं को ढूंढने के लिए ध्यान ही एकमात्र विकल्प है। इसी कड़ी में युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट के तत्वावधान तथा श्रीहनुमान संजीवनी उपचार केंद्र के निर्देशन में हनुमान जोहड़ी मंदिर के स्वामी विवेकानंद सभागार में योग एवं ध्यान कक्षा का शुभारंभ हवन के साथ किया गया। इस मौके पर अनेक श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति डालने के साथ योग एवं ध्यान कक्षा का शुभारंभ किया, जो मंदिर के बालयोगी महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में संचालित होंगी। योग एवं ध्यान कक्षा में आचार्य राहुल धारेडू, मुस्कान वर्मा, विक्रम, सूरज, सुदेश कुमार, अमित, चंद्रशेखर नागरिकों को योग एवं ध्यान योग क्रियाएं सिखाते हुए उन्हें इसका महत्व बताएंगे। महंत चरणदास महाराज ने कहा कि ये कक्षाएं रोजाना सुबह 6 से साढ़े 7 बजे तक होंगी, जिसका उद्देश्य नागरिकों को शारीरिक व मानसिक तौर पर स्वस्थ रखना है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ तन, संतुष्ट




मन एवं दुःख रहित जीवन हमारा मूल आधार है, जिससे हम दूर हो गए है, ऐसे में योग एवं ध्यान की तरफ विशेष रूप से ध्यान केंद्रीत करने की जरूरत है। सेठ मनसुखा, ध्यानदास महाराज एवं डॉ. ओमवीर कौशिक ने कहा कि संपूर्ण जीवन में योग और ध्यान का बहुत महत्व है। ध्यान से हम अंतमुर्खी होते है, जिससे हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा का निर्माण होता है।

इस अवसर पर राजकुमार तहसीलदार, प्रदीप सैनी, सतीश गोयल, अशोक शर्मा, सोमबीर शर्मा, सुंदरपाल, सुनील चौहान, सुशील गुप्ता, शुभम गुप्ता, रमेश सैनी, विजय सिंहमार, अधिवक्ता धीरज सैनी, ममता सैनी, सुभाष वर्मा व मंजू वर्मा आदि मौजूद रहे।

# कृष्ण सुधार समिति के प्रधान बने

- सुधार समिति शास्त्री नगर दिनोद रोड की नई कार्यकारिणी का गठन
- मत प्रतिशत्ता के साथ-साथ लोकतंत्र की मजबूती भी जरूरी : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** नई कार्यकारिणी के गठन के दौरान मौजूद लोग। *फोटो : हरिभूमि*

बृजवासी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में रविवार को सुधार समिति शास्त्री नगर दिनोद रोड की बैठक लाला पहलवानव की अध्यक्षता में हुई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से कार्यकारणी का पुर्नगठन किया, जिसमें समिति के संस्थापक सदस्य कृष्ण सिंह परमार को प्रधान, अशोक यादव को उपप्रधान, रिटायर्ड मैनेजर बगड़ावत सिंह को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।

इनके अलावा रोहताश वर्मा को महासचिव मनोनित किया। बैठक को संबोधित करते हुए पार्षद अनिल कुमार, पार्षद शिवकुमार, राजबीर गोस्वामी, लाला पहलवान ने सुधार समिति के बारे विस्तार से बताते हुए कहा कि समिति वर्ष 1997 से समाजसेवा में अग्रणी संस्था के रूप में काम कर रही है, जिसका उद्देश्य संगठित होकर जनहित के कार्य करना है। इस दौरान लाइन पार क्षेत्र की समस्याओं पर भी चर्चा हुई। नवनियुक्त महासचिव रोहताश वर्मा ने शत-प्रतिशत मतदान की अपील की।

उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत्ता जितनी अधिक होगी, लोकतंत्र भी उतना ही अधिक मजबूत होगा, ऐसे में मतदाता को चाहिए कि वे अपने मनपसंद उम्मीदवार को मतदान जरूर करें। इस अवसर पर डॉ. नवल भारद्वाज, जयकरण प्रजापति, भागीरथ राजपूत, ओमपाल चौहान पूर्व पार्षद, बगडावत सिंह परमार, रमेश वर्मा, सुरेश लेघा, मास्टर सतबीर सिंह, बीर सिंह राजपूत, रामसिंह वैद्य, सुंदर मिस्त्री, कैप्टन राजेन्द्र सिंह कोसलिया व रमेश चौहान आदि मौजूद रहे।

### सी विजिल एप की 356 शिकायतें निपटाई

**हिसार।** भारत निर्वाचन आयोग के सी-विजिल ऐप के माध्यम से चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कोई भी नागरिक कर सकता है। ऐप को प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से डाउनलोड कर लाईव फोटो या लाइव वीडियो अपलोड किया जा सकता है। सी-विजिल एप के माध्यम से अब तक जिले में 425 शिकायतें मिली हैं, जिनमें से 356 शिकायत सही मिलने पर समाधान कर दिया गया।

इसके अलावा भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों को पूरा न करने वाली 69 शिकायतों को ड्रॉप किया गया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सी-विजिल मामलों के नोडल अधिकारी कुलभूषण बंसल ने बताया कि रविवार को 6 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनका निर्धारित समय में समाधान किया गया।

उन्होंने बताया कि ऐप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का स्पष्ट प्रमाण मिलते ही चुनाव तंत्र पूरी तरह से सक्रिय होकर 100 मिनट के अंदर कार्रवाई करना सुनिश्चित करता है।

# असामाजिक तत्वों पर रखें नजर

- एसपी ने थाना प्रबंधकों को कानून. व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारी व थाना प्रभारियों की बैठक ली। इस दौरान थाना प्रभारियों को चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब पर रोक तथा असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के सख्त निर्देश दिए गए। लोकसभा चुनाव के दौरान पुलिस टीम को अधिक सतर्क करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने सभी को निर्देश दिए कि पुलिस टीम अपने व अपने क्षेत्रों में गस्त बढ़ा दें और क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए अधिक ध्यान रखने पर जोर दिया जाए, वाहनों की चेकिंग करें। अवैध हथियार व शराब मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी अपने.अपने क्षेत्रों में



**भिवानी।** थाना प्रभारियों को दिशा.निर्देश देते एसपी। फोटो : हरिभूमि

असमाजिक गतिविधियों में शामिल रहने वाले लोगों पर विशेष ध्यान रखें। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि कानून व्यवस्था को बनाए रखें।

जिला में शांति एवं कानून व्यवस्था तथा वर्तमान हालात के बारे में जायजा लिया। बैठक में सभी थाना प्रबंधकों को कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के संबंध में उच्चाधिकारियों के आदेशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। बैठक मे जिला में व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए किए गए सुरक्षा प्रबंधों का बारीकी से जायजा लेते हुए थाना प्रभारियों को शांति बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला में शांति. व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए सभी थाना प्रभारी आपस में लगातार संपर्क व तालमेल बनाए रखें और आपस में सूचनाओं का लगातार आदान.प्रदान करते रहें। किसी भी तरह के अपराध की सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करें। अपराधिक मामलों के वांछित दोषियों की धरपकड़ के लिए गंभीरता से हर संभव कार्रवाई अमल में लाई जाए। क्षेत्र में हर तरह की परिस्थिति पर कड़ी निगाह रखें।

### प्रत्याशी व राजनीतिक दल आचार संहिता का करें पालन : दहिया

**हिसार।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाने के दृष्टिगत सभी प्रत्याशी और राजनीतिक दल आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। जिला प्रशासन का संकल्प है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव को संपन्न करवाया जाए। चुनाव के दौरान राजनीतिक पार्टियां व उनके प्रत्याशी यह ध्यान रखें कि चुनाव प्रचार में जाति, धर्म या समाज को बांटने का काम न किया जाए तथा धार्मिक गतिविधियों का सहारा लेकर कोई भी प्रत्याशी अपना प्रचार न करे। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए कहीं भी किसी प्रकार के उपहार, नकदी या नशीले पदार्थों का प्रयोग न किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने कहा कि किसी निजी भवन की दीवारों पर मकान मालिक की अनुमति के बिना झंडे, पंफलेट, पोस्टर आदि ना चिपकाए जाएं।



# सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने मांगों को लेकर की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

लोकसभा चुनावों से पहले सेवानिवृति कर्मचारियों ने मांगों को लेकर बिगुल बजा दिया हैं जिसको लेकर सेवानिवृत कर्मचारियों ने संघ ब्लॉक की मीटिंग संतु सिंह की अध्यक्षता में बवानी खेड़ा बस स्टैंड पर आयोजित हुई।

इस बैठक में सरकारी सेवानिवृम कर्मचारियों की मागों पर मंथन किया था और इसमें राज्य सचिव रत्न कुमार जिंदल ब वजीर सिंह ने सरकार को रिटायर कर्मचारियों की मांगे नहीं मानने पर निंदा करते हुए सरकार के खिलाफ वोट डालने की अपिल। जिस पर सभी ने उनका समर्थन किया। महाबीर बिरला, राम किशन काजल, सूबे लाल सिंधु, सतीश कुमार, जय पाल जिला प्रधान सुंदर कोच, निर्मल सिंह, रामफल सिंह, हरफूल सिंह व अन्य साथी ने भाग लिया।

# दशरथ प्रभुजी को परिजनों को सौंपा

- तीन वर्ष बाद परिवार के सदस्य को सकुशल पाकर परिजन हुए भावुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

परिवार से बिछड़े प्रभुजनों का पुनर्वास करवाने की कड़ी में स्वामी सदानंद महाराज के आशीर्वाद से श्रीकृष्ण प्रणामी अपना घर आश्रम का संचालन किया जा रहा हैं। तीन वर्ष पहले अपने घर गांव नानेकारवादी जिला पुणे महाराष्ट्र से लापता हुए दशरथ नामक पुरुष प्रभुजी जो अपना घर आश्रम में रह रहे थे। श्रीकृष्ण प्रणामी अपना घर आश्रम के अध्यक्ष कमल गोयल ने बताया कि ये पुरुष प्रभुजी हमें रेस्क्यू के दौरान रेवाड़ी से मिले थे। उन्होंने



**भिवानी।** दशरथ नामक पुरुष प्रभुजी को परिजनों को सौंपते श्रीकृष्ण प्रणामी आश्रम के अध्यक्ष कमल गोयल। *फोटो : हरिभूमि*

बताया कि मेडिकल उपचार के दौरान दशरथ प्रभुजी की मानसिक स्थिति ठीक होने पर इन्होंने अपने घर का पता बताया। भिवानी आश्रम की टीम ने प्रभुजी दशरथ के परिवार का पता लगाया और आज इनको इनके परिजनों से मिलवाकर इनका पुनर्वास करवाया। तीन साल बाद अपने परिवार के सदस्य को सकुशल पाकर परिजन भावुक एवं प्रसन्न हो गए और उन्होंने आश्रम प्रबंधन को आभार जताया।

## वाहन चालकों को चालान का डर दिखाकर ऐंठता था पैसे

# फर्जी आरटीए को पुलिस ने दबोचा, रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

बाढ़ड़ा क्षेत्र में नेशनल हाइवे 334 बी पर फर्जी आरटीए बनकर वाहन चालकों को चालान का डर दिखाकर रुपये ऐंठने के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को चरखी दादरी अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है और उससे गहनता से पूछताछ की जा रही है। बाढ़ड़ा थाना पुलिस को झज्जर जिले के गांव कबलाना निवासी व्यक्ति प्रवीण ने शिकायत दी थी, जिसमें उसने बताया कि उसके पास दो कैंटर हैं।



**बाढड़ा।** पुलिस द्वारा पकड़ा गया नकली आरटीए बनकर वाहन चालकों से रूपये ऐंठने के मामले का आरोपी।

जिनमें वह लोहारू व पीलानी की ओर से सरसों का तूड़ा भरकर झज्जर में ईंट भट्ठों पर सप्लाई करता है। उसने बताया कि एक गाड़ी पर बिहार निवासी लक्ष्मण को ड्राइवर रखा है। उसने बताया कि बीते 4.5 अप्रैल की रात को लक्ष्मण गाड़ी लेकर आ रहा था। उसी दौरान नेशनल हाइवे 334 बी पर गांव भांडवा नहर के समीप एक बोलेरो गाड़ी चालक ने गाड़ी के आगे अपनी गाड़ी लगाकर जबरदस्ती कैंटर को रुकवा लिया और चालक लक्ष्मण से कहा कि वह आरटीए स्टाफ से है और चालान करेगा। आगे उसने कहा कि अगर चालान नहीं चाहते तो 10 हजार रुपये दे दो। जिसके बाद ड्राइवर ने प्रवीण के पास फोन किया और पूरी बात बताई। जिसके बाद वह दस हजार रुपये देकर चला गया। उसने बताया कि उसके बाद 7.8 अप्रैल की रात को वहीं गाड़ी, वहीं व्यक्ति उसी स्थान पर दोबारा मिला और गाड़ी रुकवाकर कहा कि 15 हजार महीने के देकर एंट्री करवा लो उसके बाद दोबारा रुपए नहीं लगेंगे। ड्राइवर लक्ष्मण ने दोबारा मालिक प्रवीण के पास फोन कर पूरी बात बताई तो उसने कहा कि 10 हजार रुपए देकर मामला निपटा लो। प्रवीण ने बताया कि बाद में उसने अपने स्तर पर साथी गाड़ी वालों व दूसरे लोगों से तसल्ली की तो पता चला कि गांव हंसावास कलां निवासी एक व्यक्ति नकली आरटीए बनकर वाहन ड्राइवरों को डरा धमकाकर व चालान का डर दिखाकर अवैध वसूली करता है। उसने बताया कि 11 व 12 अप्रैल की रात को वहीं व्यक्ति बाढ़ड़ा.लोहारू के बीच टोल पर खड़ा था और उसकी गाड़ी को रुकवा लिया था। लेकिन उसी दौरान वहां से पुलिस की एक गाड़ी गुजरी तो वह अपनी गाड़ी लेकर मौके से भाग गया। प्रवीण ने पुलिस को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की थी, जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था।

## खबर संक्षेप

### बच्चों ने पक्षियों के लिए की पानी की व्यवस्था

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव बाछौद में रविवार को पुरानी वाटर सप्लाई के आसपास नन्हें मुन्ने बच्चों ने इस भीषण गर्मी के मौसम में बेजुबान पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की। राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के जिला अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव विजय सिंह प्रजापति के मार्गदर्शन में बच्चों ने बड़ी लग्न और खुशी से अपने-अपने नाम से विभिन्न स्थानों पर पानी के सकोरे रखे। उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि जिसका भी सकोरा हमेशा पानी से भरा रहेगा, उन सभी को इनाम दिया जाएगा। इस भीषण गर्मी में लोगों को अत्यधिक गर्मी व प्यास लगती है। ठीक वैसे ही इन बेजुबान पक्षी भी इस भीषण गर्मी और तपिश में जब इन्हें प्यास लगती होगी।
तब इन्हें पानी ढूंढना बड़ा मुश्किल हो जाता होगा।

### श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**कनीना।** खंड के गांव गुढ़ा स्थिति दादा छजुवीर आश्रम प्रांगण में रविवार को पांच दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कथा से पूर्व सत्यनारायण मंदिर से दादा छाजुवीर आश्रम तक कलश यात्रा निकली गई। दादा छाजुवीर धर्म सभा गुढ़ा के कार्यवाह प्रधान राजेंद्र सिंह ने बताया कि कथावाचक राधिका किशोरी है। जिनकी ओर से प्रतिदिन दोपहर दो से सायं पांच तक कथा की जाएगी। कथा का समापन 24 मई को होगा। कथा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। रामकिशन पटवारी ने बताया कि बीते वर्ष भी श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया था।

### पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब

**महेंद्रगढ़।** गांव सुरहेती मोड़ियान में पुलिस ने अवैध शराब पकड़ी है। इस दौरान आरोपित पुलिस टीम को देखकर मौके से भाग गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपित पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सतनाली थाने की पुलिस की एक टीम गश्त पड़ताल पर थी। टीम जब सुरहेती मोडियान पहुंची तो, गांव के मोड़ पर पेड़-पौधों में एक व्यक्ति अवैध शराब बेच रहा था। शराब बेचने वाला आरोपित पुलिस की गाड़ी देखकर शराब को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर चकमा देकर खेतों में भाग गया।

### बुजुर्ग और दिव्यांग कर रहे घर बैठे मतदान

**भिवानी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी नरेश नरवाल और भिवानी विधानसभा क्षेत्र के एआरओ व एसडीएम हरबीर सिंह के मार्गदर्शन में 25 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्र पर नहीं जा सकने वाले 85 प्लस बुजुर्ग व 40: से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। उल्लेखनीय है कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आयोग ने लोकतंत्र के महापर्व में प्रत्येक वर्ग के मतदान को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। लोकसभा चुनाव के लिए 25 मई को आम मतदान होने से पहले जिला के विशेष मतदाताओं के लिए वोटिंग की व्यवस्था की जा रही है। इनमें 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाता शामिल हैं

## बीईओ ने रैली को किया रवाना, शत-प्रतिशत मतदान की दिलवाई शपथ

# बाबा ब्रह्मचारी प्राथमिक पाठशाला के छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक से बताया मतदान का महत्व, प्रत्येक मतदाता के वोट पर निर्भर होता है देश का भविष्य : शिवकुमार






**भिवानी।** मतदाता जागरुकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते बीईओ शिवकुमार तंवर,मतदाता जागरुकता रैली निकालते शिक्षक व विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने को प्रेरित करने तथा देश के भविष्य विद्यार्थियों को मतदान का महत्व बताने के उद्देश्य शनिवार को गांव धनाना स्थित बाबा ब्रह्मचारी राजकीय प्राथमिक पाठशाला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान विद्यार्थियों को लोकतंत्र की मजबूती एवं देश की तरक्की में मतदान की भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत जागरूकता रैली का आयोजन किया, जिसे खंड शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जागरूकता रैली में विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता बैनर लेते हुए गली-गली घूमते हुए सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो, अपनी ताकत को पहचान, चलो करें हम सब मतदान, लोकतंत्र हो तभी महान-सब करे जब मतदान, हमारा गौरव हमारी शान-आओ करें मतदान, पहले मतदान-फिर जलपान जैसे नारों के साथ शत प्रतिशत मतदान का संदेश भी दिया। विद्यार्थियों ने गांव में मतदान संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक और नारों से ग्रामीणों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया। इसके उपरांत ग्रामीणों को शत-प्रतिशत मतदान किए जाने की शपथ भी दिलवाई। इस मौके पर बाबा ब्रह्मचारी महंत कृष्णागिरी, प्राचार्य जगबीर कटारिया, प्राचार्य कुमार घणघस, मीनाक्षी भारद्वाज, आशा सांगवान, कुमारी प्रकाश, राजेश लांबा, रामअवतार, प्रेम, अमित, अशोक, दवन सिंह, सुखदेव डीपीई आदि मौजूद रहे।

#### वोट का महत्व समझें व राष्ट्रहित में करें मतदान

बीईओ शिवकुमार तंवर ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को वोट का सही प्रयोग एवं महत्व समझाते हुए कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को वोट डालने का समान अधिकार है, चाहे वह नागरिक किसी भी जाति, धर्म या संप्रदाय से संबंध रखता हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता के वोट पर देश का भविष्य निर्भर होता है, इसीलिए प्रत्येक नागरिक को अपने विवेक इस्तेमाल करते हुए अपने मनपसंद, योग्य एवं सक्षम उम्मीदवार को मतदान करना चाहिए, जो राष्ट्रहित में अपना योगदान दे सकें।

### महिलाओं, युवाओं व वंचित वर्गों को मतदान के लिए किया प्रोत्साहित



**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल पार्क हालुवास गेट पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने प्रचार प्रसार किया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी, पर्यावरण प्रेमी जेई बिजेश जावला, वार्ड नंबर 25 के पार्षद विनोद प्रजापति, दीपक खुंडिया ने लोगों को ज्यादा से ज्यादा से मतदान कर लोकतंत्र की मजबूती में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने लोगों को उनके मतदान अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आपका एक वोट उनके भविष्य को प्रभावित कर सकता है। हमारा उद्देश्य समुदायों और समूहों को जागरूकता अभियान में शामिल करना है, ताकि सभी वर्गों के लोग चुनाव में भाग लें। संस्था का उद्देश्य विशेष रूप से महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि आपका वोट आपकी आवाज है, इसका उपयोग जरूर करें।

## उम्र 100 पार, वोट डालने का जज्बा अभी बरकरार

- कादमा गांव की रामबाई 25 मई को वोट डालकर लोकतंत्र की मजबूती को डालेगी आहुति



**चरखीदादरी।** 100 से अधिक उम्र की मतदाता से मुलाकात करते उपायुक्त मनदीप कौर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

लोकसभा आम चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु के वोटरों को चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन द्वारा घर पर ही मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, लेकिन जब बात देश के सबसे बड़े पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की हो तो उम्र भी मायने नही रखती। जिले के कादमा गांव निवासी रामबाई में भी आगामी 25 मई को वोट डालने को लेकर कुछ ऐसा ही जज्बा कायम है। वे 107 वर्ष की हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने रविवार को 100 वर्ष से अधिक आयु के कुछ मतदाताओं के घर जाकर उनसे मुलाकात की और देश के जिम्मेदार नागरिक के तौर पर वोट डालने के उनके जज्बे की सराहना की।

उपायुक्त ने कादमा गांव निवासी 107 वर्षीय रामबाई के घर जाकर उनसे मुलाकात की। करीब आधे घंटे तक डीसी उनसे बातचीत करती रही और उनसे दिनचर्या की जानकारी ली। गौर करने वाली बात है कि रामबाई एक बुजुर्ग खिलाड़ी भी हैं, जिन्होंने कई खेल प्रतियोगिताओं में जिला का नाम रोशन किया है। रामबाई ने इस दौरान बताया कि बीएलओ के माध्यम से उन्हें घर पर ही मतदान करने के लिए फार्म 12 डी उपलब्ध कराया गया था लेकिन उनकी इच्छा बूथ पर ही वोट डालने की है।

#### लंबी लड़ाई के बाद देश को दिलाई स्वतंत्रता

उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों ने एक लंबी लड़ाई के बाद देश को स्वतंत्रता दिलाई थी। यह उनके संघर्षों का ही परिणाम है कि आज हम लोकतांत्रिक व्यवस्था में खुले मन से अपने अधिकारों की बात कर सकते हैं। ऐसे में हमारा प्रयास रहना चाहिए कि हम बूथ पर जाकर ही वोट डाले। उन्होंने कहा कि हर पांच साल में आने वाले यह चुनाव सही मायने में उन देशभक्तों को सच्ची श्रद्धांजलि है जिन्होंने इस देश के भविष्य के लिए अपने प्राण न्योछावर किए हैं।

#### डीसी ने वोट डालने का किया आह्वान

डीसी ने जिले के उम्रदराज मतदाताओं सहित सभी मतदाताओं से वोट डालने का आह्वान किया है। इस दौरान उपायुक्त ने वहां मौजूद ग्रामीणों से कहा कि वोट जरूर डाले। एक एक वोट सरकार बनाने में समान रूप से भूमिका निभाता है और देश के विकास की नींव रखता है। सभी मतदाता बिना किसी डर व भय और लोभ लालच के अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट डाले, अगर कोई उम्मीदवार पसंद नहीं है तो नोटा का विकल्प भी मौजूद है।

## सड़कों, गलियों व नालियों से कचरा उठाया और उचित स्थानों पर डाला



**भिवानी।** शहर में सफाई अभियान चलाते संस्था सदस्य व नप कर्मचारी।

- व्यक्तिगत भागीदारी से ही शहर को किया जा सकता है साफ सुथरा: लोकेश
- नगर परिषद व स्टैंड विद नेचर ने मिलकर दादरी शहर में चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

दादरी शहर में श्रीश्याम वेस्ट मैनेजमेंट, नगर परिषद व स्टैंड विद नेचर ने सफाई अभियान चलाया। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना था। अभियान के दौरान सफाई कर्मचारियों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई की। उन्होंने सड़कों, गलियों और नालियों से कचरा उठाया और उसे उचित स्थानों पर रखा। स्टैंड विद नेचर के कार्यकर्ताओं ने लोगों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखने के बारे में भी जागरूक किया।

अभियान में नगर परिषद के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हुए। वेस्ट मैनेजमेंट एजेंसी के प्रोजेक्ट हेड विनीत सैनी व नगर परिषद से सैनेटरी इंस्पेक्टर विकास देशवाल ने लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों को साफ रखने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रोजेक्ट मैनेजर विनीत ने सभी को बताया कि कचरे से संबंधित हर समस्या के लिए एक टोल फ्री नंबर भी जारी किया है। प्रोजेक्ट हेड विनीत सैनी ने बताया कि हम जल्द ही शहर की सभी संस्थाओं को साथ लाकर बैठक करेंगे, जिसके लिए हमारी तरफ से स्टैंड विद नेचर के पदाधिकारियों द्वारा संस्थाओं के साथ सम्पर्क किया जाएगा, हम एक सांझे मंच पर आकर ही शहर को साफ सुथरा बना पाएंगे।

#### दोबारा कचरा डालने पर जुर्माना लगाने चेतावनी

स्टैंड विद नेचर के प्रतिनिधियों ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में भी जागरूक किया। इस दौरान सभी लोग सुबह 6 बजे लाला लाजपतराय चौक पर इक्कठे हुए व पुरानी सब्जी मंडी, रेलवे रोड, काठ मंडी, मंगल मार्केट आदि में जागरूकता अभियान चलाया व उक्त स्थानों की सफाई की। मंगल मार्केट में कचरा प्वाइंट हटाने के बाद भी दुकानदारों ने कचरा डाल दिया, जिसको लेकर अधिकारियों ने उन्हें चेतावनी दी

### दूसरे दिन रामायण के अखंड पाठ का आयोजन

**भिवानी।** देवसर मोड स्थित आश्रम श्रीभगवत वाटिका भिवानी के 17वें वार्षिकोत्सव के तहत आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय कार्यक्रमों के दूसरे दिन रविवार को रामायण अखंड पाठ एवं भजन.कीर्तन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सान्निध्य माता महामंडलेश्वर करूणागिरी का रहा। यह जानकारी आचार्य सुरेश कौशिक ने देते हुए बताया कि चार दिवसीय कार्यक्रमों के तहत शनिवार को विग्रहों का सहस्धारिभषेक किया गया था तथा रविवार को रामायण अखंड पाठ एवं भजन.कीर्तन का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि सोमवार को प्रात. 8 बजे रामायण पाठ पूर्ण एवं प्रातः 9 बजे रूद्राभिषेक व दोपहर 12 बजे हवन एवं प्रसाद वितरित किया जाएगा। वही रामायण अखंड पाठ का वाचन करते हुए माता महामंडलेश्वर करूणागिरी ने कहा कि रामकथा सुनने से सब व्यथा खत्म हो जाती है।

## श्रीसनातन धर्म श्रेष्ठ, अनेक धर्मों का इससे हुआ उदय : कमल

- ब्रह्मदत्त मेमोरियल हॉल में श्रीराम कथा का आयोजन
- धर्म का रास्ता कभी नहीं छोड़ना चाहिए।



**बहल।** ब्रह्मदत्त मेमोरियल हॉल में कथा सुनाते कमल सूंठवाल व थिरकती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

ब्रह्मदत्त मेमोरियल हॉल में चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथावाचक कमल सूंठवाल ने श्रोताओं को श्रीसनातन धर्म के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म श्रेष्ठ धर्म है और बहुत से धर्मों का सनातन धर्म से ही उदय हुआ है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों व उनकी नीतियों का जीवन में जरूर अनुशरण करना चाहिए। रविवार को कथावाचक कमल सूंठवाल ने श्रोताओं को बताया कि धर्म का रास्ता कभी नहीं छोड़ना चाहिए। हमें हमेशा सत्य का अनुशरण कर सत्कर्म करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को सत्कर्म का फल जरूर मिलता है। अहिंसा के मार्ग का अनुशरण कर कभी भी किसी जिवात्मा को ठेस नहीं पहुंचानी चाहिए। भगवान सर्व विद्यमान है ये मानकर हमेशा बुराई से दूर रहकर धर्म के मार्ग को अपनाना चाहिए। हर जन को अपना गुरू बनाना चाहिए और गुरू की शिक्षा का जीवन में पालन करना चाहिए। कार्यक्रम में निवर्तमान सांसद धर्मवीर की पत्नी मुन्नी देवी, सरपंच साधूराम पनिहार, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने बेटियों द्वारा धर्म प्रचार के लिए किए प्रयास के लिए उनकी मुक्तकंठ सराहना की। इस अवसर पर कथा की आयोजक रंजू शर्मा, शिंपी, डिंपल, बबीता, सुनीता चौधरी, अंजू शर्मा, बिज्जू शर्मा, जीवनी, अनीता सिंघल, सुधा मित्तल, सुमित्रा, मंजू, ललिता, कार्यक्रम सहयोगिका रेखा चैहड़ियां आदि मौजूद रही।

## 156 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



यूथ क्लब अख्तियारपुरा एवं मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन के संयुक्त तत्वावधान में मेडिकल कैंप व रक्तदान शिविर लगाया तथा 44वां मिनी रोजगार मेले का आयोजन किया। गांव के सबसे बुजुर्ग सुबेदार होशियार सिंह ने शिविर का शुभारंभ किया। रोजगार मेले में शिवम आटोटेक लिमिटेड, एसबीआई ने 8 उम्मीदवार को चयनित किया।

मेडिकल कैंप में फिट फूचर अस्पताल के चिकित्सकों ने 156 लोगों के हड्डी, जोड़ों से सम्बन्धित व सामान्य बीमारियों की जांच की तथा निःशुल्क दवा वितरित की। शिविर में शुगर, विटामिन डी व ईसीजी के टेस्ट निःशुल्क किए। एम्स बाढसा की टीम ने 18 यूनिट रक्त एकत्रित किया। चिकित्सीय टीम डॉक्टर प्रवीन, संतोष, प्रेरणा, डॉ. आर कालड़ा व सहयोगियों ने अपनी टीम के साथ सेवाएं दी। संगठन के युवा विंग अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल साहू एवं सुनीत सांगवान ने कहा कि युवावर्ग का यह दायित्व बनता है कि समाजसेवा के माध्यम से लोगों को हर स्तर पर नशा मुक्ति से सम्बन्धित राय सुमारी करके जागरूकता फैलानी चाहिए ताकि युवावर्ग को नशे से बचाया जा सके। वहीं बढ़ता नशा युवाओं को खोखला करने का काम कर रहा है, इसलिए समाज के बुद्धिजीवीयों को आगे आकर नशे के खिलाफ मुहिम चलाकर भावानात्मक रूप से लोगों में जागरूकता फैलाकर मानवता को बचाना चाहिए।

## नर सेवा ही नारायण सेवाः राजेश



**चरखी दादरी।** गांव रावलधी में भारतरत्न डॉ भीमराव आंबेडकर वेलफेयर समिति के तत्वाधान में ग्रामीणों के सहयोग से मेडिकल कैंप का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता समिति प्रधान कप्तान जयपाल सिंह, उपप्रधान रामकुमार, सरपंच प्रतिनिधि सुखविंद्र सिंह मोठसरा ने की। शिविर में 80 ग्रामीणों की आंखों की बीमारियों व सामान्य रोगों का चैकअप कर निःशुल्क दवाई दी। बतौर मुख्यतिथि शांति अस्पताल संचालक डॉ. राजेश शर्मा ने शिविर का शुभारंभ किया। डॉ. राजेश शर्मा व कप्तान जयपाल सिंह ने कहा कि सही मायनों में मानवता व प्रकृति की सेवा ही सच्ची भक्ति है। नर सेवा नारायण सेवा की भावना को अपनाते हुए जो लोग जरूरतमंदों की सेवा सहायता करते हैं, वे सच्चे समाज सेवी हैं। अपने लिए तो सभी जीते हैं, जो दूसरों की मदद के लिए आगे आते हैं वे सच्चे मानव होते हैं। कैंप के आयोजन में समिति सहायक सचिव रामबिलास, कोषाध्यक्ष शिवकुमार, सुखबीर डाबला, रणधीर पंच प्रतिनिधि, पूर्व महासचिव जैन सभा धीरज जैन, देवेंद्र सैनी, अजय शर्मा, अनूप इंदौरा, संदीप यादव का विशेष सहयोग रहा।

## सभी मतदान केन्द्रों का दौरा कर पूरी की जाएं कमियांः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



**चरखीदादरी।** मतदान केंद्र का निरीक्षण करते डीसी मनदीप कौर।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने संबंधित अधिकारियों को पुनः मतदान केन्द्रों का दौरा कर कमियों को तुरंत पूरा करने के निर्देश दिए हैं। रविवार को उपायुक्त विभिन्न गांवों में मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं को चैक करने पहुंची थी।

इस दौरान कुछ बूथों पर कमियों को पूरा करने की जरूरत महसूस की गई। उपायुक्त ने बाढड़ा क्षेत्र के बूथों का दौरा कर वहां का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को वहीं से निर्देश दिए कि सभी बूथ पर सभी प्रकार की आवश्यक सुविधाएं होनी चाहिए। अधिकारी पुनः बूथों का दौर कर जायजा लें और जहां भी कोई कमी मिले उसे तुरंत पूरा करवाया जाए।

ध्यान रहे कि बूथ पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो, रैंप हो और मतदान के लिए बुजुर्गों और दिव्यांगों की सहायता के लिए संबंधित बीएलओ की देखरेख में वॉलिंटियर मौजूद रहने चाहिए। हर बूथ पर पेयजल और शौचालय व छांव की व्यवस्था भी जरूरी है।

## छब्बील के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान के लिए किया जागरूक

# मीठा पानी पिलाकर राहगीरों की बुझाई प्यास

- भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल जीव को पानी पिलाना नया जीवन देने के समान : सुरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** मीठे पानी की छब्बील लगाकर लोगों को पानी पिलाते पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

श्रीसनातन संस्कृति में प्यासे को पानी पिलाना बहुत ही पुण्य का कार्य माना जाता है। कई लोग इस पुण्य कार्य के उद्देश्य से घरों, प्रतिष्ठानों, मंदिरों, अस्पतालों के बाहर सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर हजारों रुपये से वॉटर कूलर लगाकर पानी की व्यवस्था करते है, ताकि राहगीरों की प्यास बुझाई जा सके। इसी उद्देश्य के साथ पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रविवार को इंप्रूमेंट ट्रस्ट मार्केट के समक्ष मीठे पानी की छबील लगाई तथा राहगीरों को शीतल पेयजल पिलाकर उन्हें गर्मी से थोड़ी राहत दिलाने का प्रयास किया। उन्होंने छबील के दौरान नागरिकों को मतदान का महत्व भी बताया तथा शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने राहगीरों को न केवल पानी का महत्व बताया, बल्कि पानी बचाने के लिए भी प्रेरित किया। ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने कहा कि भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल जीव को पानी पिलाना, उसे नया जीवन देने के समान है। गर्मी के दिनों में प्रत्येक व्यक्ति को पानी की ज्यदा जरूरत होती है। इसके अलावा प्यासे को पानी पिलाना एक महान कार्य माना जाता है, इसीलिए जनसेवा के उद्देश्य से पानी की छबील लगाई गई। इस मौके पर सुरेश मेहरा, प्रदीप रंगा, जितेंद्र जीतू, इंद्रवेश दुहन, दीपक मुटरेजा, विरेंद्र मिंटू, साहिल निरवाण, दीपू, संजय, निवास, अमन आदि मौजूद रहे।

#### निरंतर घटता जा रहा भूजल स्तर

सुरेंद्र संभ्रवाल, प्रदीप रंगा व जितेंद्र जीतू ने जल का महत्व बताते हुए कहा कि जब तक प्रत्येक जन को पानी के महत्व की पूरी जानकारी नहीं होगी, तब तक वे पानी बचाने में अपनी भूमिका नहीं निभा सकते है। निरंतर भूजल स्तर घटता जा रहा है और मौसम में हर वर्ष गर्मी बढ़ रही है, उससे साफ है कि युवावर्ग पौधों के प्रति ज्यादा संवेदनशील नहीं हैं, जब तक युवावर्ग पौधें लगाने में आगे नहीं आएगा, तब तक न पर्यावरण शुद्ध होगा, न निरंतर बढ़ रही गर्मी में रुकावट आएगी और न ही पानी को बचाए रखा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ किया केस दर्ज

**महेंद्रगढ़।** गांव अनावास के पास हुए सड़क हादसे में पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घायल बुजुग महेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव बुचावास निवासी है। मटके बनाने व बेचने का काम करता है। बीती 22 अप्रैल को वह खच्चर (घोड़ी) गाड़ी लेकर सुबह करीब चार बजे के आसपास अपने घर से महेंद्रगढ़ मटके लेने के लिए चला था।

### घर से व्यक्ति अचानक लापता, केस दर्ज

**महेंद्रगढ़।** गांव पाली निवासी एक व्यक्ति घर से अचानक लापता हो गया है। लापता युवक के भाई ने सदर पुलिस थाने में शिकायत देकर उसकी तलाश करने की मांग की हैं। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। रामपाल ने सदर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह गांव पाली का रहने वाला है तथा मजदूरी का कार्य करता है। उसका भाई अजीत 12 मई को समय करीब 9:30 अपने घर से बिना बताए कहीं चला गया।

### पढ़ने गई 19 वर्षीय छात्रा लापता, मामला दर्ज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र से एक छात्रा लापता हो गई। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार अटेली क्षेत्र के गांव की एक महिला ने बताया कि उसकी 19 वर्षीय लड़की शनिवार को दोपहर 12 बजे घर से राजकीय महाविद्यालय अटेली में पढ़ने के लिए गई थी, लेकिन घर वापस नहीं लौटी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### बड़गांव से गेहूं चोरी पीड़ित ने की शिकायत

**नारनौल।** बड़गांव से रात को गेहूं चोरी हो गए। पीड़ित सुरता राम ने बताया कि 17 मई की रात्रि को वह अपने परिवार समेत घर में सो गया था, लेकिन रात्रि को अज्ञात व्यक्ति 8-10 गेहूं के चोरी करके ले गया। उन्होंने बताया कि सुबह देखा तो दीवार के साथ गेहूं बिखरे हुए मिले। उन्होंने पुलिस ने चोरी के गेहूं बरामद करवाने की मांग की है।

# लू के थपेड़ों से बढ़ी लाचारी, बढ़ते पारे से झुलसने लगे कपास के पौधे

## पशु पक्षी, जीव जानवरों का गर्मी ने जीना कर दिया मुहाल, कूलर व पंखे सब फेल

- अगर गर्मी का प्रकोप कम नहीं हुआ तो किसानों को फसल से धोने पड़ सकते हैं हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पारा 44 डिग्री के आसपास पहुंचने के बाद हर कोई गर्मी से बेहाल है। पशु पक्षी, जीव जानवरों का गर्मी ने जीना मुहाल कर दिया है। साथ ही गर्मी का असर फसलों पर भी दिखने लगा है। पारा ज्यादा होने की वजह से खरीफ फसल कपास भी झुलसने लगी है। गर्मी का सबसे ज्यादा असर एक सप्ताह पहले अंकुरित हुई कपास के पौधों पर है। ज्यादा गर्मी से छोटे पौधे झुलसने लगे है।

अगर गर्मी का प्रकोप कम नहीं हुआ तो इस बार किसानों को कपास की फसल से हाथ धोने पड़ सकते है। क्योंकि फिलहाल किसानों ने कपास की फसल की बिजाई की हुई है और अब कपास के पौधों में दो दो पत्तियां निकली हुई है। अगर ऐसे में उनमें से एक पत्ती भी



भिवानी। तेज गर्मी की वजह से झुलसा कपास का पौधा। फोटो : हरिभूमि

झुलसी गई तो पौधे के आगे बढ़वार नहीं होगी। ऐसे में किसान को मोटा नुकसान होने की आशंका बन गई है। फिलहाल किसानों की नजर बढ़ती गर्मी की तरफ है,जल्द मौसम में कोई परिवर्तन होगा तो उनकी कपास की फसल बच पाएगी,नहीं तो खरीफ की फसल से हाथ धोने पड़ेंगे।

### सड़कों पर पसरा सन्नाटा

पारा एकदम हाई होने पर शहर व कस्बों की सड़कों पर सन्नाटा पसर गया है। यह नजारा दोपहर 12 बजे से लेकर दो बजे तक बना रहता है। इस दौरान सड़कों पर ज्यादा जरूरत वाले लोग या वाहन चालक निकल रहे है। इनके अलावा सड़कों पर इक्का दुक्का सरकारी वाहन या फिर चुनाव प्रचार करने वाली ई. रिक्शा सड़कों पर नजर आ रही है। यही स्थिति कस्बों व गांवों की बनी है। कस्बों की सड़कें भी सुनी नजर आ रही है। लू के थपेड़ों की वजह से लोग सड़कों की बजाए अपने घरों में ही रह रहे है। शाम के वक्त ही लोग घरों से बाहर निकल रहे है।

दूसरी तरफ पारा 44 डिग्री सेल्सियस पहुंचने पर कूलर व पंखे पूरी तरह से फेल साबित हो रहे है। गर्म हवा फेंकने की वजह से लोगों को इनके नीचे भी चैन नहीं आ रहा है।

### 19 घंटे बाद चालू हुई बिजली सप्लाई

बवानीखेड़ा इलाके में दो टॉवरों को उठाने के कार्य ने विद्युत निगम को जबरदस्त पसीने छुड़ा दिए। दिनभर में टॉवरों को उठाकर सप्लाई चालू नहीं हो पाई तो पूरी र ात में कार्य करके करीब 19 घंटे बाद आधा दर्जन गांवों में बिजली की सप्लाई चालू की। मामला बवानीखेड़ा के खेतों का है। विगत में तेज अंधड़ से बवानीखेड़ा के पास खेतों में दो टॉवर गिर गए थे। उस वक्त तो बिजली के तारों को उपर उठाकर बिजली चालू कर दी थी,लेकिन टॉवर नहीं लग पाए थे। बीते दिवस सुबह निगम ने टॉवरों को उठाने का कार्य शुरू किया तो पूरा दिन लग गया। दिन में टावर तो उठ गए,लेकिन देर रात तक बिजली के तारों की सैटिंग नहीं बैठ पाई। जिसकी वजह से आधा दर्जन गांवों में करीब रात को पौने दो बजे के आसपास बिजली की सप्लाई पहुंच पाई। हालांकि इससे पहले भी लाइट कई बार छोड़ी गई,लेकिन बात नहीं बनी। रात को ही बिजली की सप्लाई सुचारू रूप से चालू हो पाई।

### उपायुक्त कर सकेंगे निजी व सरकारी स्कूलों की छुट्टियां

**भिवानी।** शिक्षा विभाग ने स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को हीट वेव से बचाने की तैयारी कर ली है। अगर ज्यादा लू के थपेड़े लगते हैं तो सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों की छुट्टियां करने की पॉवर उपायुक्त को दे दी है। अगर जरूरत पड़ी तो उपायुक्त अपने हिसाब से किसी भी समय सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों की छुट्टी कर सकेंगे।

- शिक्षा विभाग के निदेशक ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को भेजा पत्र

शिक्षा विभाग के निदेशक ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर 31 मई तक बच्चों की छुट्टियां करने की पॉवर उपायुक्त को दी है। उपायुक्त छुट्टी उस वक्त करेंगे। जिस वक्त ज्यादा हीट वेव है या फिर लू के थपेड़ों से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। ऐसे में बच्चों को गर्मी के प्रकोप से बचा पाना बेहद मुश्किल होगा। इस सूरत में उपायुक्त जिला शिक्षा अधिकारियों से बातचीत करेंगे और उसके बाद वे स्कूलों की छुट्टी करने की घोषणा करेंगे। इस बारे में विभाग के निदेशक ने उपायुक्त को भी पत्र भेजकर उक्त मामले की जानकारी दे दी है।

### पिंजोखरा में व्यक्ति सट्टा खाईवाल करते पकड़ा, 21110 रुपये बरामद

**तोशाम।** पुलिस ने पिंजोखरा गांव से एक व्यक्ति को सट्टा खाईवाल करते समय गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने व्यक्ति से 21110 रुपये भी बरामद किए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव पिंजोखरा में अनिल अपने घर के आगे सट्टा लगवा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और एक बोगस ग्राहक बनाकर उक्त व्यक्ति के पास पहुंचा और इशारा होते ही उक्त आरोपित को दबोच लिया गया। पुलिस को उक्त व्यक्ति से 21110 रुपये भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपित अनिल के खिलाफ सट्टा अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# आठ घंटे के ऑपरेशन आक्रमण में पुलिस ने पांच आरोपितों को किया

- आरोपित से एक अवैध गन एक कारतूस बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

पुलिस महानिदेशक द्वारा हरियाणा में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए ऑपरेशन आक्रमण के तहत जिला दादरी पुलिस ने पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में पांच आरोपियों को काबू किया।

ऑपरेशन आक्रमण के तहत डीएसपी मुख्यालय विनोद शंकर, डीएसपी दादरी सुभाषचंद्र, डीएसपी दादरी भारत भूषण के नेतृत्व में 16 रैडिंग पार्टियां तैयार की गई। ऑपरेशन आक्रमण के तहत एसपी के निर्देश पर सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर



कुल 16 टीमों का गठन किया, जिसमें 80 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों ने दर्जनों स्थानों पर रेड कर अपराधियों पर कड़ा प्रहार कर काबू किया। ऑपरेशन आक्रमण के तहत आबकारी अधिनियम के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार कर उससे 13 बोतल देशी शराब को बरामद की। जुआ अधिनियम के तहत तीन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई पांच हजार की राशि को बरामद किया। पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार कर उससे एक अवैध गन, एक कारतूस बरामद किया। एसपी पूजा वशिष्ठ ने कहा कि जिले में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है, अपराधी या तो जिला छोड़ें या अपराध से दूरी बना लें। अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस द्वारा युवाओं को नशीले पदार्थों के खतरे से बचाने के लिए मादक पदार्थ तस्करों व इस अवैध धंधे में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान भविष्य में जारी रहेगा। मादक पदार्थ, शराब की अवैध बिक्री समेत अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर खुफिया नेटवर्क नजर रख रहा है, ऐसी गैरकानूनी गतिविधियों करने वाले की सूचना पुलिस को दें, उनका नाम गुप्त रखा जाएगा।

# सरकार ने विजन बनाकर किया विकास :धर्मबीर सिंह

- प्रदेश की जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा : सर्राफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह प्रचार अभियान चलाकर रोज कई गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को भाजपा की नीतियों से अवगत करवाते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह ने रविवार को भिवानी विधानसभा क्षेत्र के गांव रूपगढ़, धिराणा, प्रहलादगढ़ में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उनके साथ भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ भी मौजूद रहे। गांवों में पहुंचने भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह व विधायक घनश्याम सर्राफ का भव्य स्वागत किया। नंदगांव में



कार्यक्रम के दौरान धर्मबीर सिंह स्वयं बाइक चलाकर जनसभा स्थल तक पहुंचे। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद प्रतिमा माल्यार्पण कर धर्मबीर सिंह ने की। धर्मबीर सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने विजन के तहत देश व प्रदेश का विकास किया है। देश में जहां वंदे भारत जैसी ट्रेने शुरू की गई, वही हरियाणा के गांवों को इंटरनेट से जोड़ा, जिससे गांवों के विकास को नई गति मिली। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री मोदी के नाम की आंधी चल पड़ी है और प्रदेश की सभी 10 सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी। विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि प्रदेश की जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है और प्रदेश में प्रधानमंत्री की रैलियों से कांग्रेस प्रत्याशियों को पसीना आ गया है और वे हिम्मत हार गए हैं प्रदेश की जनता को पता है कि मोदी ने भारत को विश्व में अलग पहचान दिलाई है, जिससे भारत का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने कहा कि जनता मन बना चुकी है कि तीसरी बार मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाकर लाल किले से मोदी ही झंडा फहराएंगे। इस अवसर पर सरपंच नंदगांव व भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष महेंद्र यादव, रामकिशन हालुवासिया, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल स्वामी, जिला मीडिया प्रभार सोनू सैनी, सरपंच संदीप, राजकुमार सैनी, बीडीसी दयाकिशन, विजय यादव, सूबेदार करतार सिंह, सूबेदार बलबीर सिंह, पूर्व सरपंच बरसाना वेदप्रकाश, झिरवाई सरपंच प्रतिनिधि राजेश, रिवासा सरपंच, सरपंच अमित सहित सभी प्रदेश पदाधिकारी,जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोचार् के अध्यक्ष, संयोजक, शक्ति केंद्र प्रमुख, प्रभारी, बूथ प्रमुख, पालक, त्रिदेव सहित सरपंच, बीडीसी सदस्य व भाजपा अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रमों की कड़ी में दूसरे दिन रामायण अखंड पाठ का किया आयोजन

**भिवानी।** देवसर मोड स्थित आश्रम श्रीभगवत वाटिका भिवानी के 17वें वार्षिकोत्सव के तहत आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय कार्यक्रमों के दूसरे दिन रविवार को रामायण अखंड पाठ एवं भजन.कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सान्निध्य माता महामंडलेश्वर करूणागिरी का रहा। यह जानकारी आचार्य सुरेश कौशिक ने देते हुए बताया कि चार दिवसीय कार्यक्रमों के तहत शनिवार को विग्रहों का सहस्धारिभषेक किया गया था तथा रविवार को रामायण अखंड पाठ एवं भजन.कीर्तन का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि सोमवार को प्रात. 8 बजे रामायण पाठ पूर्ण एवं प्रातः 9 बजे रूद्राभिषेक व दोपहर 12 बजे हवन एवं प्रसाद वितरित किया जाएगा। जिसमें सान्निध्य जोगीवाला मंदिर के महंत वेदनाथ का रहेगा। वही रामायण अखंड पाठ का वाचन करते हुए माता महामंडलेश्वर करूणागिरी ने कहा कि रामकथा सुनने से सब व्यथा खत्म हो जाती है। कथा रूपी सागर मे डुबकी लगा देने से इंसान सब पापो से मुक्त हो जाते है। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा सुनने से मनुष्य के सभी पाप दूर हो जाते हैं और वह परमगति को प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा आध्यात्म दीपक ह, जिस प्रकार एक जलते हुए दीपक से हजारों दीपक प्रज्ज्वलित हो उठते है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# भाजपा ने चंद लोगों को पहुंचाया फायदा: पायलट

- राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने चुनावी जनसभाओं को किया संबोधित
- देश में बदल चुका है माहौल, इस बार बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार : सचिन पायलट
- भाजपा सरकार से प्रत्यके वर्ग परेशान, कांग्रेस की सरकार बनने दी जाएंगी 30 लाख नौकरियां : राव दानसिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने नांगल चौधरी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वह पूरे देश का दौरा करके आएं हैं। देश में माहौल पूरी तरह से बदल चुका हैं। चार चरणों के चुनाव के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सबसे आगे हैं। इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएंगी। उन्होंने कहा कि



इस समय देश के अन्नदाता के साथ अन्याय हो रहा हैं।

भाजपा की सरकार बनने से पहले से किसानों को उनकी दुगनी आय करने का वादा किया गया था। लेकिन उल्टा खाद बीज के रेट गए। भाजपा सरकार ने किसानों के हित में कार्य करने की बजाय उन पर लाठियां बरसाई। भाजपा ने चंद लोगों को हवाई अड्डे, रेलवे लाइन, गोदाम, बिजली लाइन ठेके पर दे दी हैं। वहीं चुनिंदा लोगों का 16 करोड़ का कर्ज माफ कर दिया हैं। कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रत्येक गरीब परिवार लखपति बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 10 साल महंगाई आसमान को छू रहीं हैं। गैस सिलेंडर 11 सौ रुपये, पेट्रोल 100 रुपये पार पहुंच गया हैं। कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रत्येक गरीब परिवार को साल में एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएंगी। राव दानसिंह ने कहा कि प्रदेश की जनता का कांग्रेस की सरकार बनाने का मूड है और भाजपा की राजनीतिक जमीन खिसक चुकी है।

### खाली पद भरे जाएंगे

बेरोजगारी का संकट कम करने के लिए कांग्रेस सरकार बनने पर केंद्र में खाली पड़े 30 लाख सरकारी पद भर्ती भरोसा के तहत समयबद्ध तरीके से कैलेंडर के अनुसार भरेंगे तो हरियाणा में 2 लाख से ज्यादा युवाओं को खाली पड़े सरकारी पदों पर समयबद्ध पक्की भर्ती करेंगे। इसके अलावा पढ़े-लिखे युवाओं की पहली नौकरी पक्की होगी, हर शिक्षित युवा को 1 लाख रुपए की अप्रेंटिसशिप का अधिकार देंगे। किसानों को एमएसपी की गारंटी और कर्ज से मुक्ति दी जाएगी।




### एसईडी स्कूल में बारहवीं व दसवीं की परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले छात्र किए सम्मानित

**भिवानी।** एसईडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बाहरवीं व मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र.छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रांगण में प्रातः सभा में माँ सरस्वती को माल्यार्पण कर उनके सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक बिरेन्द्र सिंह प्रबंधक समिति के सदस्य विनोद जाखड, राकेश यादव व प्रधानाचार्य विनोद सभी छात्र.छात्राओं को फूलों की माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उनको सम्मानित किया । बोर्ड की परीक्षा दसवीं व बाहरवीं कक्षा में स्कूल परिणाम शत.प्रतिशत रहा। विद्यालय की बाहरवीं कक्षा के विज्ञान संकाय में नेहा ने प्रथम स्थान 447 अंक प्राप्त किया । कीर्ति द्वितीय स्थान 429 अंक व कीर्ति तृतीय स्थान 409 अंक प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय की डिम्पल ने प्रथम स्थान 473 अंक प्राप्त किया। जीतू ने द्वितीय स्थान 375 अंक व कपिल ने तृतीय स्थान 368 अंक प्राप्त किया। कला संकाय में आकांक्षा ने प्रथम स्थान 404 अंक प्राप्त किया तथा अंजलि ने द्वितीय स्थान 394 अंक प्राप्त किया। मैट्रिक कक्षा में भविष्य ने प्रथम स्थान 473 अंक प्राप्त किया। हर्षिका ने द्वितीय स्थान 467 अंक प्राप्त किया।

## परमसंत हुजूर कंवर साहेब महाराज ने प्रवचनों से साध संगत को किया निहाल

# अज्ञानी मनुष्य सतगुरु, सत्संग व सतनाम में निकालते खोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

अच्छी संगति और नेक इंसानों से हरि चर्चा ही इंसानी प्रवृति को सिद्ध करती है, आपकी संगति आपकी आधार प्रवृत्ति की ओर इशारा करती है। सज्जन इंसान सदैव सन्त महापुरुषों की संगति करते हैं और दुर्जन सदैव शैतानों की, ये सत्संग विचार परमसंत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने दिनोद गांव स्थित राधास्वामी आश्रम में फरमाए।

हुजूर कंवर साहेब ने कहा कि घर और मन दोनों में शांति जरुरी है। घर में शांति तभी आएगी जब मन शांत होगा। उन्होंने कहा कि दो ही बाते रह जाती हैं एक गीत और दूसरी भीत। यही गीत और भीत यानी दीवारें आपके जाने के बाद भी आपको अमर बनाकर रखती हैं। हुजूर कंवर साहेब ने कहा कि युग बदलने पर भी महापुरूषों के आदर्श जिंदा हैं, जो परोपकार और परमार्थ का रास्ता स्थापित कर गए गीत सदा उन्हीं के गाये जाते हैं। स्वर्ग और नर्क इसी जगत में भोगे जाते हैं, जिन्होंने वर्तमान को स्वर्ग सरीखा बना लिया, उन्हें आगे भी स्वर्ग ही मिलेगा। गुरु महाराज ने फरमाया कि गुरु नाम ज्ञान है, ज्ञान अच्छे और बुरे में फर्क करना है। गुरु अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाता है। ज्ञान है भक्ति की समझ, ज्ञान है परमात्मा के भेद को जान लेना। इंद्री भोग में



भिवानी। श्रद्धालुओं को प्रवचन देते परमसंत हुजूर कंवर साहेब महाराज।

गाफिल इंसान शरीर इंद्री के आनंद तक ही सीमित है, उसे नाम रस के आनन्द का संज्ञान ही नहीं है, लेकिन जब नाम का रस आना शुरू हो जाता है, तब बाकी रस फीके पड़ जाते हैं।

**स्वयं बुराई में लिपटा व्यक्ति करता हैं सत्संग की बुराई:** हुजूर साहेब ने फरमाया कि सत्संग की बुराई वहीं करता है, जिसकी स्वंय की बुराई नहीं छुटी। नाच ना जाने आंगन टेढ़ा की तर्ज पर ऐसे अज्ञानी लोग सतगुरु सत्संग और सतनाम में खोट निकालते हैं।

]आपके कर्म आपको आगे बढ़ने नहीं देते, हाथों पर सरसों हरी नहीं होती, संयम व धैर्य भक्ति के आभूषण हैं, पहले रहनी सुधारो, करनी स्वतः सकारात्मक हो जाएगी। उन्होंने कहा कि समय की कीमत पहचानो, जो जन्मा है वो मरेगा जरूर, इसलिए भक्ति करो ताकि जन्म मरण के चक्कर से छुटकारा मिल सके।

**भक्ति करो और जन्म मरण के चक्कर से छुटकारा पाओ :** गुरु महाराज ने कहा कि आप भाग्यशाली हो कि इंसान का चौला मिला, उस से बढ़कर गुरु मिला और सबसे बढ़कर नाम दान मिला। दो नावों की सवारी कभी सफल नहीं होती या भक्ति को पकड़ो या संसार को, लेकिन सन्तों ने इस बात को गलत साबित कर दिया। संतमत गृहस्थ और भक्ति दोनों को साथ लेकर चलने वाला मत है। अच्छे बनो, आपके लिए कोई कांटा बोता है तो भी आप उसके लिए फूल बोओ। मीठा बोलो, सजन्नता को कभी मत त्यागो, मां बाप व बड़े बुजुर्गों की सेवा कर्म को ही अपना धर्म बनाओ।